भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
**लिखित प्रश्न सं. 317**
मंगलवार, 20 जुलाई, 2021/29 आषाढ़, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**'स्वदेश दर्शन' योजना और 'प्रसाद' योजना**

317. **डा. प्रकाश बांडा:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान पर्यटन क्षेत्र के माध्यम से सरकार द्वारा कुल कितना राजस्व अर्जित हुआ और कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित की गई;

(ख) सरकार द्वारा भारत में पर्यटन संभावना में सुधार करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं, तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार 'स्वदेश दर्शन' योजना और तीर्थ यात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्धन ड्राइव (प्रसाद) योजना के तहत कोई नया सर्किट जोड़ने पर विचार कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क): पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार पर्यटन से अर्जित राजस्व के आंकड़े तैयार नहीं करता है। इसके अलावा, वर्ष 2018, 2019 और 2020 के दौरान पर्यटन से विदेशी मुद्रा आय (एफईई) का विवरण नीचे दिया गया है:

| **वर्ष** | **विदेशी मुद्रा आय (करोड़ रुपये में)** |
|---|---|
| 2018 #[2] | 1,94,881 |
| 2019 #[2] | 2,11,661 |
| 2020 #[1] | 50,136 |

# 1: अनंतिम अनुमान
# 2: संशोधित अनुमान

(ख): भारत में पर्यटन क्षमता में सुधार करने के लिए पर्यटन मंत्रालय द्वारा किए गए उपाय **अनुबंध I** में दिए गए हैं।

(ग) और (घ): देश में पर्यटन के बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के विकास हेतु पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थयात्रा पुनरुद्धार और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान पर राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद)' की अपनी योजनाओं के तहत राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इन योजनाओं के तहत नई परियोजनाओं का अनुमोदन एक सतत प्रक्रिया है जो राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से की जाती है और निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की प्रस्तुति, योजना दिशानिर्देशों के अनुपालन और पहले जारी की गई निधियों के उपयोग आदि की शर्त पर स्वीकृति प्रदान की जाती है। वर्तमान में स्वदेश दर्शन योजना के तहत कोई नई परियोजना स्वीकृत नहीं की गई है। 'स्वदेश दर्शन' और 'प्रशाद' योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण अनुबंध-II में दिया गया है।

*****

**अनुबंध-I**

**'स्वदेश दर्शन' योजना और 'प्रसाद' योजना** के संबंध में दिनांक 20.07.2021 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 317 के भाग (ख) के उत्तर में **विवरण**

भारत में पर्यटन क्षमता में सुधार करने के लिए पर्यटन मंत्रालय द्वारा किए गए उपायों का विवरण नीचे दिया गया है:

1. स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत थीम आधारित पर्यटन परिपथों का विकास।
2. तीर्थस्थल पुनरुद्धार और आध्यात्मिक संवर्धन अभियान पर राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद) योजना के तहत चिन्हित तीर्थ स्थलों का समग्र विकास।
3. अन्य केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों/राज्य सरकारों/शहरी स्थानीय निकायों के साथ अभिसरण करके देश में 19 प्रतिष्ठित स्थलों की पहचान की गई है।
4. एक विरासत अपनाएं परियोजना के तहत विरासत स्थलों/स्मारकों और अन्य पर्यटक स्थलों पर पर्यटक सुविधाओं का विकास और रखरखाव।
5. पर्यटकों की सहायता के लिए 24x7 टोल फ्री बहुभाषी पर्यटक हेल्पलाइन।
6. 171 देशों के नागरिकों के लिए 5 उप-श्रेणियों अर्थात ई-पर्यटक वीजा, ई-बिजनेस वीजा, ई-मेडिकल वीजा, ई-मेडिकल अटेंडेंट वीजा और ई-कॉन्फ्रेंस वीजा के लिए ई-वीजा की सुविधा प्रदान करना।
7. अतुल्य भारत पर्यटक सुविधाप्रदाता प्रमाणन कार्यक्रम, एक डिजिटल पहल है जिसका उद्देश्य पर्यटकों को सहायता देने के लिए देश भर में अच्छी तरह से प्रशिक्षित पेशेवर पर्यटक सुविधाकर्ताओं का एक पूल बनाने के उद्देश्य से एक ऑनलाइन शिक्षण मंच बनाना है।
8. सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण (सीबीएसपी) योजना के तहत बेहतर सेवा मानक प्रदान करने हेतु जनशक्ति को प्रशिक्षित और उन्नत करने के लिए कार्यक्रम आयोजित करना।
9. आरसीएस उड़ान-3 के तहत चिन्हित पर्यटन मार्गों का संचालन। दिए गए 46 पर्यटन मार्गों में से 27 मार्गों को संचालित कर दिया गया है।
10. देश की समृद्ध विरासत और संस्कृति के बारे में नागरिकों के बीच जागरूकता पैदा करने और नागरिकों को देश के भीतर यात्रा करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से देखो अपना देश पहल। अप्रैल 2020 से, देखो अपना देश पहल के तहत 73 से अधिक वेबिनार आयोजित किए गए हैं जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।
11. पर्यटन के संवर्धन और विकास के लिए देश में आवास इकाइयों का एक व्यापक राष्ट्रीय डेटाबेस बनाने के लिए आतिथ्य उद्योग का राष्ट्रीय एकीकृत डेटाबेस (निधि) पोर्टल।
12. भारतीय गुणवत्ता परिषद के सहयोग से आतिथ्य उद्योग के लिए आकलन, जागरूकता और प्रशिक्षण प्रणाली (साथी) शुरू की गई है ताकि सरकार के कोविड नियमों के बारे में उद्योग को संवेदनशील बनाया जा सके और कर्मचारियों और मेहमानों के बीच विश्वास पैदा किया जा सके कि आतिथ्य इकाई ने कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वच्छता सुनिश्चित करने की मंशा का प्रदर्शन किया है।
13. घरेलू और विदेशी बाजारों में एक पर्यटन स्थल के रूप में भारत को बढ़ावा देने के लिए बाजार विकास सहायता (एमडीए) की योजनाओं के तहत पर्यटन और आतिथ्य हितधारकों को वित्तीय सहायता देना।

*****

**अनुबंध-II**

**'स्वदेश दर्शन' योजना और 'प्रसाद' योजना** के संबंध में दिनांक 20.07.2021 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 317 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन और प्रशाद योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण।**

**I. स्वदेश दर्शन योजना**

(**करोड़ रु. में**)

| **क्र. सं.** | **राज्य/संघ क्षेत्र** | **परिपथ का नाम** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|---|---|
| **वर्ष 2014-15** | | | | |
| 1. | अरुणाचल प्रदेश | पूर्वोत्तर परिपथ | भालुकपोंग-बोमडिला और तवांग में परिपथ का विकास | 49.77 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | तटीयपरिपथ | काकीनाडा में - होप द्वीप - कोरिंगा वन अभ्यारण्य - पसारलापुडी - अडुरु - द. यनम- कोट्टीपल्लयंजुना का विकास | 67.84 |
| **वर्ष 2015-16** | | | | |
| 3. | मणिपुर | पूर्वोत्तर परिपथ | इम्फाल-खोंगजोम में परिपथ का विकास | 72.23 |
| 4. | सिक्किम | पूर्वोत्तर परिपथ | लिंकिंग रंगपो (प्रवेश) - रोराथांग- अरितर- फड़मचेन-नाथांग-शेरथांग- त्सोंगमो- गंगटोक-फोडोंग- मंगन- लाचुंग-युमथांग- लाचेन - थंगु- गुरूदोंगमर- मंगन-तमिल-टमिनलिंग- सिंगटम (निकास) परिपथ का विकास | 98.05 |
| 5. | उत्तराखंड | इको परिपथ | टिहरी-चंबा सरैन में -टिहरी झील के आसपास परिपथ का विकास | 69.17 |
| 6. | राजस्थान | मरूस्थल परिपथ | शाकंभरी माता मंदिर, सांभर नमक परिसर, देवयानीकुंड, शर्मिष्ठा सरोवर का विकास, नालियासार और अन्य गंतव्यों का विकास। | 50.01 |
| 7. | नागालैंड | जनजातीय परिपथ | पेरेन - कोहिमा- वोखा परिपथ का विकास | 97.36 |
| 8. | मध्य प्रदेश | वन्यजीव परिपथ | पन्ना- मुकुंदपुर -संजय-डुबरी-बांधवगढ़-कान्हा-मुक्की-पेंच का विकास । | 92.22 |
| 9. | आंध्र प्रदेश | तटीय परिपथ | नेल्लोर, पुलिकट झील, उबलंबादुगु जलप्रपात, नेलपट्टु बर्ड सैंक्चुअरी, मिपाडू बीच, रामातीर्थम का विकास | 49.55 |
| 10. | तेलंगाना | इको परिपथ | महबूबनगर जिले (सोमाशिला, सिंगोतम, कदलीवनम, अक्कामहादेवी, ईगलानपंटा, फ़रहाबाद, उमा महेश्वरम, मल्लेलतीर्थम) का विकास | 91.62 |
| 11. | केरल | इको परिपथ | पठानमथिट्टा - गवी-वागमोन- थेक्कडी का विकास | 76.55 |
| 12. | मिजोरम | पूर्वोत्तर परिपथ | तंजावल दक्षिण ज़ोट, जिला सीरशिप तथा रीक का समेकित विकास | 92.26 |
| 13. | असम | वन्यजीव | मानस-पीबितोरा- नामेरी- काजीरंगा- डिब्रू-साइखोवा का | 94.68 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | परिपथ | विकास | |
| 14. | पुड्डुचेरी | तटीय परिपथ | डुबरेयापेट, अरीकेमेडु चीन वीरमपट्टिनम, चुन्नमार, नलवाडु, मनापेट, कलापेट, फ्रेंच क्वार्टर, तमिल क्वार्टर और यानम का विकास | 85.28 |
| 15. | अरुणाचल प्रदेश | पूर्वोत्तर परिपथ | जीरीगांव, नफरा,सेप्पा,पप्पू, पासा, पक्के घाटी,लुम्डुंग, लफांग, सोहंग लेक, तारोयार न्यू सागले, जीरो, योमचा का एकीकृत विकास | 96.72 |
| 16. | त्रिपुरा | पूर्वोत्तर परिपथ | अगरतला-सिपाहीजला-मेलाघर-उदयपुर- अमरपुर- तीर्थमुख- मंडीघाट- डूमोर- नारिकेलकुंजा- गंडचारा-अंबासा उत्तर - पूर्वी परिपथ का विकास | 82.85 |
| 17. | पश्चिम बंगाल | तटीय परिपथ | उदयपुर- दीघा-शंकरपुर-ताजपुर-मंदारमिण-फ्रेजरगंज- बक्खलाई- हेनरीआईलैंड तटीय परिपथ का विकास | 85.39 |
| 18. | छत्तीसगढ़ | जनजातीय परिपथ | जशपुर - कुनकुरी- मैनपाट- अंबिकापुर- महेशपुर - रतनपुर-कुर्दार-सरोदादार-गंगरेल-कोंडागांव-नाथियागाँव- जगदलपुर- चित्रकूट-तीर्थगढ़ का विकास | 96.10 |
| 19. | महाराष्ट्र | तटीय परिपथ | सिंधुदुर्ग (शिरोडा बीच, सागरेश्वर, तारकरली, विजयदुर्ग (समुद्र तट और क्रीक), देवगढ़ (किला और समुद्र तट), मिताभव, टोंडावली, मोसेहमद और निवटी किला तटीय परिपथ का विकास। | 19.06 |
| **वर्ष 2016-17** | | | | |
| 20. | गोवा | तटीय परिपथ | सिन्किरीम-बागा का विकास, अंजुना-गाटोर, मोरजिम-केरी, अगुआड़ा किला और अगुआडा जेल का विकास । | 97.65 |
| 21. | जम्मू एवं कश्मीर | हिमालयन परिपथ | पर्यटन अवसंरचना परियोजनाओं का एकीकृत विकास- भगवती नगर | 77.33 |
| 22. | तेलंगाना | जनजातीय परिपथ | मुलुगु -लखनवरम- मेदवराम- तड़वई- दमारवी- मल्लूर- बोगाथा झरने का एकीकृत विकास | 79.87 |
| 23. | मेघालय | पूर्वोत्तर परिपथ | उमियाम (लेक व्यू), यूलुम सोहपेटबेंग –मऊडियोगडियोग - आर्किड लेक रिज़ॉर्ट का विकास | 99.13 |
| 24. | मध्य प्रदेश | बौद्ध परिपथ | सांची-सतना-रीवा -मंदसौर-धार का विकास | 74.02 |
| 25. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ | सबरीमाला - एरुमेली-पंपा-सनिधानम का विकास | 99.99 |
| 26. | मणिपुर | आध्यात्मिक परिपथ | श्री गोविन्दजी मंदिर, श्री बिजयगोविंदजी मंदिर - श्री गोपीनाथ मंदिर - श्री बंगशीबदन मंदिर - श्री कैना मंदिर का विकास | 53.80 |
| 27. | गुजरात | विरासत परिपथ | अहमदाबाद - राजकोट-पोरबंदर-बारडोली- दांडी का विकास | 59.17 |
| 28. | हरियाणा | कृष्णा परिपथ | कुरुक्षेत्र में ब्रह्मसरोवर संहित सरोवर,नरकटारी, ज्योतिसर में पर्यटन अवसंरचना का विकास। | 97.35 |
| 29. | राजस्थान | कृष्णा परिपथ | गोविंददेवजी मंदिर (जयपुर), खाटूश्यामजी (सीकर) और नाथद्वारा (राजसमंद) का एकीकृत विकास | 75.80 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 30. | सिक्किम | पूर्वोत्तर परिपथ | लिंगमू-लिंगी-माका-टेमी-बरमोइकनामची-ओखरे-सोमबरिया-दारमदीन- मेली (बाहर) पर्यटक परिपथ का विकास | 95.32 |
| 31. | मध्य प्रदेश | विरासत परिपथ | ग्वालियर - ओरछा -खजुराहो - चंदेरी - भीमबेटका - मांडू का विकास | 89.82 |
| 32. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ | श्री पद्मनाभ मंदिर, अरनमुला- सबरीमाला का विकास | 92.22 |
| 33. | बिहार | तीर्थंकर परिपथ | वैशाली - आरा- मसूद-पटना- राजगीर- पावापुरी- चंपापुरी का विकास | 37.19 |
| 34. | बिहार | आध्यात्मिक परिपथ | कांवरिया मार्ग: सुल्तानगंज- मोजमा- बांका का समेकित विकास | 44.76 |
| 35. | ओडिशा | तटीयप रिपथ | गोपालपुर, बरकुल, सतपदा और तमपारा का विकास। | 70.82 |
| 36. | नागालैंड | जनजातीय परिपथ | मोकोकचुंग - तेनसांग-मांग का विकास | 98.14 |
| 37. | उत्तराखंड | विरासत परिपथ | कुमाऊँ क्षेत्र का विकास - कटारमल-जोगेश्वर-बैजनाथ-देवीधुरा | 76.32 |
| 38. | जम्मू एवं कश्मीर | हिमालयन परिपथ | पर्यटन का समन्वित विकास जम्मू-राजौरी-शोपियां-पुलवामा में सुविधाएं | 84.46 |
| 39. | जम्मू एवं कश्मीर | हिमालयन परिपथ | पर्यटक सुविधाओं का एकीकृत विकास- पीएम विकास पैकेज के तहत 2014 में बाढ़ में नष्ट हुई परिसम्पत्तियों के बदले में परिसंपत्तियों का निर्माण | 90.43 |
| 40. | जम्मू एवं कश्मीर | हिमालयन परिपथ | मंटलाई-सुधामहादेव - पटनीटॉप में पर्यटक सुविधाओं का एकीकृत विकास | 90.85 |
| 41. | जम्मू एवं कश्मीर | हिमालयन परिपथ | अनंतनाग- किश्तवार- पहलगाम - डाकसुम – रणजीत सागर बांध में सुविधाएं पर्यटन का एकीकृतविकास | 87.44 |
| 42. | जम्मू एवं कश्मीर | हिमालयन परिपथ | गुलमर्ग-बारामूला -कुपवाड़ा-लेह में पर्यटक सुविधाओं का एकीकृत विकास | 91.84 |
| 43. | उत्तर प्रदेश | बौद्ध परिपथ | श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास | 99.97 |
| 44. | उत्तर प्रदेश | रामायण परिपथ | चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास | 69.45 |
| 45. | अंडमान और निकोबार द्वीप | तटीय परिपथ | लांग आईलैंड-रॉस स्मिथ द्वीप - नील द्वीप- हैवलॉक द्वीप-बाराटांग द्वीप-पोर्ट ब्लेयर का विकास | 27.57 |
| 46. | तमिलनाडु | तटीय परिपथ | चेन्नई - ममल्लापुरम - रामेश्वरम-कुलासेकरन पटिनम - कन्याकुमारी का विकास | 73.13 |
| 47. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ | शाहजहाँपुर-बस्ती-अहर-अलीगढ़-कासगंज-सरोसा-प्रतापगढ़-उन्नाव- कौशाम्बी- मिर्जापुर-गोरकपुर-कैराना-डूमरियागंज-बागपत-बाराबंकी-आज़मगढ़ का विकास | 65.61 |
| 48. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक–II परिपथ | बिजनौर- मेरठ- कानपुर- कानपुर देहात- गाज़ीपुर-सलेमपुर- बलिया- अंबेडकरनगर- अलीगढ़- फतेहपुर-देवरिया- महोबा- सोनभद्र-चंदौली- मिश्रीख- भदोही का | 67.51 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | विकास | |
| 49. | उत्तर प्रदेश | विरासत परिपथ | कालिंजर किले (बांदा) - मगधधम (संतकबीर नगर) - चौरीचौरा, शहीदस्थल (फतेहपुर) –महावर स्थल (घोसी) – शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास | 33.17 |
| 50. | बिहार | बौद्ध परिपथ | कन्वेंशन सेंटर का निर्माण बोधगया | 98.73 |
| 51. | असम | विरासत परिपथ | तेजपुर - माजुली -शिवसागर का विकास | 90.98 |
| 52. | हिमाचल प्रदेश | हिमालयन परिपथ | किरीघाट, शिमला, हटकोटी में मनाली, कांगड़ा, धर्मशाला, बीर, पालमपुर, चंबा हिमालयी परिपथका एकीकृत विकास | 80.69 |
| 53. | मिजोरम | इको परिपथ | एज़ावल -रावपुइछिप -कॉवफवप- लेंगपुई - डर्टलैंग - चेतलांग- में सकरावुमटुआइट्लंग -मूते - बेरतलॉन्ग - टिरियल एयरफ़ील्ड-ह्यूमबेरंग इको- एडवेंचर परिपथका विकास | 66.37 |
| 54. | राजस्थान | आध्यात्मिक परिपथ | चूरू (सालासरबालाजी) - जयपुर (श्री समोदाबालाजी, घाटकेबालाजी, बांधेके बालाजी) अलवर (पांडुपोल हनुमानजी, भरथरी) - विराटनगर (बिजाक, जौनसैनिया, अंबिका मंदिर) - भरतपुर (कामन क्षेत्र) - धौलपुर मुचकुंद (सांवलियाजी) का विकास | 93.90 |
| 55. | गुजरात | विरासत परिपथ | वडनगर - मोढेरा और पाटन का विकास । | 91.84 |
| वर्ष **2017-18** | | | | |
| 56. | बिहार | ग्रामीण परिपथ | गांधी परिपथ का विकास : भितिहरवा- चंद्रहिया- तुरकौलिया | 44.65 |
| 57. | गोवा | तटीय परिपथ | रूआ डी ओरम क्रीक - डॉन पाउला -कोलवा - बेनौलिम का विकास | 99.35 |
| 58. | गुजरात | बौद्ध परिपथ | जूनागढ़ - गिर सोमनाथ-भरूच-कच्छ- भावनगर- राजकोट- मेहसाणा का विकास | 28.67 |
| 59. | पुडुचेरी | विरासत परिपथ | फ्रेंको - तमिल गांव, कराईकल, माहे और यनम का विकास | 66.35 |
| 60. | पुडुचेरी | आध्यात्मिक परिपथ | कराईकल, यनम और पुडुचेरी का विकास | 34.96 |
| 61. | राजस्थान | विरासत परिपथ | राजसमंद (कुंभलगढ़फोर्ट) - जयपुर (नाहरगढ़ किला) - अलवर (बालाक़िला) -सवाईमाधोपुर (रणथंभौर और खंडार किला) - झालावाड़ (गागरोनफोर्ट) - चित्तौड़गढ़ (चित्तौड़गढ़ किला) जैसलमेर (जैसलमेर) (जैसलमेर) (जैसलमेर) जालोर (जालौर का किला) - उदयपुर (प्रताप गौरव केंद्र) - धौलपुर (बाग-ए-निलोफ़रंड पुरनीचावनी) - नागौर (मीराबाई स्मारक) का विकास | 90.92 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 62. | तेलंगाना | विरासत परिपथ | कुतुब शाही हेरिटेज पार्क- पैगारा मकबरे -हयात बख्शी मस्जिद -रेमंड का मकबरा विरासत परिपथ का विकास | 96.90 |
| 63. | बिहार | आध्यात्मिक परिपथ | मंदार हिल और अंग प्रदेश का विकास । | 47.52 |
| 64. | मध्य प्रदेश | इको परिपथ | गांधीसागर बांध - मंडलेश्वर बांध- ओंकारेश्वर बांध- इंदिरा सागर बांध- तवा बांध- बरगी बांध- भेड़ाघाट- बाणसागर बांध- केन नदी का विकास | 94.61 |
| 65. | उत्तर प्रदेश | रामायण परिपथ | अयोध्या का विकास। | 127.21 |
| 66. | आंध्र प्रदेश | बौद्धपरिपथ | आंध्र प्रदेश में स्वदेश दर्शन योजना के तहत : शालीहुंडम- थोटलकोंडा- बाविकोंडा- बोज्जन कोंडा- अमरावती- अनूपू में बौद्ध परिपथ का विकास | 24.14 |
| वर्ष **2018-19** | | | | |
| 67. | महाराष्ट्र | आध्यात्मिक परिपथ | वाकी- दसा- धपेवाड़ा- परदसिंह- छोटा ताजबाग- तेलनखंडी- गिराड़ का विकास | 54.01 |
| 68. | -- | सड़क किनारे सुविधाओं का विकास (उप-स्कीम) | उत्तर प्रदेश और बिहार में वाराणसी- गया; लखनऊ-अयोध्या-लखनऊ; गोरखपुर-कुशीनगर; कुशीनगर-गया-कुशीनगर में सड़क परिवहन मंत्रालय के सहयोग से मार्गस्थ सुविधाओं का विकास | 17.93 |
| 69. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ | जेवर-दादरी-सिकंद्राबाद -नोएडा-खुर्जा-बांदा का विकास। | 12.03 |
| 70. | झारखंड | इको परिपथ | दलमा - चांडिल- गेतलसूद - बेतला राष्ट्रीय उद्यान- मिरचैया-नेतरहाट का विकास । | 52.72 |
| 71. | त्रिपुरा | पूर्वोत्तर परिपथ | सूरमा चेरा - उनाकोटी- जम्पुई हिल्स- गुनबती-भुनेश्वरी- मातावाड़ी - नीरमहल- बॉक्सनगर- चोताखोला- पिलक- अवंगचरा का विकास | 65.00 |
| 72. | पंजाब | विरासत परिपथ | आनंदपुर साहिब - फतेहगढ़ साहिब - चमकौर साहिब - फ़िरोज़पुर - अमृतसर - खातरकलां - कलानौर - पटियाला का विकास | 91.55 |
| 73. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ | शिवगिरी श्रीनारायण गुरु आश्रम- अरुविपुरम - कुन्नुमपारा श्रीसुब्रह्मणिया- चेंबज़न्थी श्रीनारायण गुरुकुलम का विकास | 69.47 |
| 74. | केरल | ग्रामीण परिपथ | मालानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास | 80.37 |
| 75. | मेघालय | पूर्वोत्तर परिपथ | पश्चिम खासी पहाड़ियों (नोंगख्लाव- क्रैमटिरोट - खुडोई और कोहमंगफॉल्स - खारी नदी- मावतद्रिशान, शिलोन), जयंतिया हिल्स (क्रंगसुरी फॉल्स- शिरमांग –लूकसी), गारो हिल्स (नोकरेक रिजर्व,कट्टाबेल, सिजू गुफाएं) का विकास | 84.97 |
| 76. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ | गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपाटन मंदिर (बलरामपुर) और वटवृष्णी मंदिर (डोमरियागंज) का विकास | 15.76 |

**II. प्रशाद योजना**

**(करोड़ रु. में)**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | परियोजना की संख्या | परियोजना का नाम | स्वीकृति का वर्ष | स्वीकृत लागत |
|---|---|---|---|---|---|
| चल रही परियोजनाओं की सूची | | | | | |
| 1. | **आंध्र प्रदेश** | 1. | पर्यटक गंतव्य के रूप में अमरावती टाउन, गुंटूर जिला का विकास ** | 2015-16 | 27.77 |
| | | 2. | श्रीसैलम मंदिर का विकास ** | 2017-18 | 47.45 |
| 2. | **अरुणाचल प्रदेश** | 3. | लोहित जिले में परशुराम कुंड का विकास। | 2020-21 | 37.88 |
| 3. | **असम** | 4. | गुवाहाटी में कामाख्या मंदिर और इसके आस-पास तीर्थ गंतव्य का विकास ।** | 2015-16 | 29.99 |
| 4. | **बिहार** | 5. | विष्णुपद मंदिर, गया, बिहार में मूलभूत सुविधाओं का विकास ** | 2014-15 | 4.27 |
| | | 6. | पटना साहिब का विकास ** | 2015-16 | 41.54 |
| 5. | **छत्तीसगढ** | 7. | मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, छत्तीसगढ़ का विकास | 2020-21 | 43.33 |
| 6. | **गुजरात** | 8. | द्वारका का विकास ** | 2016-17 | 13.08 |
| | | 9. | सोमनाथ में तीर्थस्थल सुविधाओं का विकास ** | 2016-17 | 45.36 |
| | | 10. | प्रशाद योजना के तहतसोमनाथ में प्रोमेनाड का विकास | 2018-19 | 47.12 |
| 7. | **हरियाणा** | 11. | पंचकुला जिले में नाडा साहिब गुरुद्वारा और माता मनसा देवी मंदिर का विकास | 2019-20 | 49.52 |
| 8. | **जम्मू और कश्मीर** | 12. | हजरतबल का विकास, | 2016-17 | 40.46 |
| 9. | **झारखंड** | 13. | वैद्यनाथजी धाम, देवघर का विकास | 2018-19 | 39.13 |
| 10. | **केरल** | 14. | गुरुवयूर मंदिर का विकास ** | 2016-17 | 46.14 |
| | **मध्य प्रदेश** | 15. | ओंकारेश्वर का विकास | 2017-18 | 44.83 |
| 11. | | 16. | अमरकंटक का विकास | 2020-21 | 49.99 |
| 12. | **महाराष्ट्र** | 17. | त्रियंबकेश्वर का विकास | 2017-18 | 37.81 |
| 13. | **मेघालय** | 18. | मेघालय में तीर्थस्थल सुविधाओं का विकास | 2020-21 | 29.32 |
| 14. | **नागालैंड** | **19.** | नागालैंड में तीर्थस्थल सुविधाओं का विकास | 2018-19 | 25.26 |
| 15. | **उड़ीसा** | 20. | मेगा परिपथ के तहत पुरी, श्री जगन्नाथधाम-रामचंडी देवली में प्राची रिवर फ्रंट में अवसंरचना विकास | 2014-15 | 50.00 |
| 16. | **पंजाब** | 21. | अमृतसर में करूणा सागर वाल्मिकी स्थल का विकास ** | 2015-16 | 6.40 |
| 17. | **राजस्थान** | 22. | पुष्करविकास एकीकृत का अजमेर/ | 2015-16 | 32.64 |
| 18. | **सिक्किम** | 23. | चार पैट्रन सेंट, युकसोम में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास | 2020-21 | 33.32 |
| 19. | **तमिलनाडु** | 24. | कांचीपुरम का विकास ** | 2016-17 | 13.99 |
| | | 25. | वेल्लांकनी का विकास** | 2016-17 | 4.86 |
| 20. | **तेलंगाना** | 26. | जोगुलम्बा देवी मंदिर, आलमपुर का विकास | 2020-21 | 36.73 |
| 21. | **त्रिपुरा** | 27. | त्रिपुरा सुंदरी मंदिर, उदयपुर का विकास | 2021-21 | 37.84 |
| 22. | **उत्तराखंड** | 28. | केदारनाथ का एकीकृत विकास ** | 2015-16 | 34.78 |
| | | 29. | प्रशाद योजना के तहतबद्रीनाथ जी धाम में (उत्तराखण्ड) विकास अवसंरचना हेतु सुविधा तीर्थयात्रा | 2018-19 | 39.24 |
| | | 30. | प्रशादयोजना के तहत उत्तराखंड में तीर्थयात्रा बुनियादी सुविधाओं और गंगोत्री और यमुनोत्री धाम का विस्तार | 2021-22 | 54.36 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 23. | **उत्तर प्रदेश** | 31. | मेगा पर्यटक परिपथ के रूप में मथुरा-वृंदावन का विकास (चरण -II)** | 2014-15 | 14.93 |
| | | 32. | वृंदावन जिला मथुरा में पर्यटक सुविधा केन्द्र का निर्माण ** | 2014-15 | 9.36 |
| | | 33. | वाराणसी का विकास –चरण –I** | 2015-16 | 20.40 |
| | | 34. | गंगा नदी, वाराणसी में क्रूज पर्यटन | 2017-18 | 10.72 |
| | | 35. | प्रशाद योजना के तहत वाराणसी का विकास चरण -II | 2017-18 | 44.60 |
| | | 36. | गोवर्धन, मथुरा, यूपी में बुनियादी सुविधाओं का विकास | 2018-19 | 39.74 |
| 24. | **पश्चिम बंगाल** | 37. | बेलूर का विकास | 2016-17 | 30.03 |

** परियोजनाएं सफलतापूर्वक पूरी हो चुकी हैं

*****